# उन्नत भारत अभियान

# UNNAT BHARAT ABHIYAN

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja

CO-ORDINATOR
(UNNAT BHARAT ABHIYAN)
A.K.P. (PG) COLLEGE
KHURJA, BULANDSHAHR (U.P)

# "उन्नत भारत अभियान" इकाई ए. के. पी डिग्री कॉलेज खुर्जा
## कार्य कारिणी के पदाधिकारी गण



ग्राम प्रधान
(सीकरी)



ग्राम प्रधान
(नगला महीउद्दीन पुर)



ग्राम प्रधान
(इस्माइलपुर बुढ़ैना)



ग्राम प्रधान
(धरांऊ)



ग्राम प्रधान
(निजामपुर ढांकर)

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja

30/5/2026

CO-ORDINATOR
(UNNAT BHARAT ABHIYAN)
A.K.P. (PG) COLLEGE
KHURJA, BULANDSHAHR (U.P)

# "उन्नत भारत अभियान" इकाई ए. के. पी डिग्री कॉलेज खुर्जा
## कार्य कारिणी के पदाधिकारी गण



संरक्षिका
प्रो डिम्पल विज
(प्राचार्या)



श्रीमती मोनिका सिंह
ब्लाक प्रमुख खुर्जा



समन्वयक
प्रो रेखा चौधरी



सह-समन्वयक
प्रो बीना माथुर



N S S कार्यक्रम अधिकारी
डॉ गीता सिंह



N S S कार्यक्रम अधिकारी
डॉ मनु आर्या

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja

30/5/2026
CO-ORDINATOR
(UNNAT BHARAT ABHIYAN)
A.K.P. (PG) COLLEGE
KHURJA, BULANDSHAHR (U.P)

# "उन्नत भारत अभियान"

## वार्षिक रिपोर्ट सत्र 2025–26

**'उन्नत भारत अभियान'** 2.0 भारत के ग्रामीण क्षेत्रों को समृद्ध करने हेतु गढ़ा गया मानव संसाधन मंत्रालय का एक प्रमुख कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम द्वारा देश के शीर्ष संस्थाओं द्वारा अर्जित ज्ञान व संसाधनों की बहुमूल्य पूंजी का भरपूर लाभ ग्रामीण विकास प्रक्रिया में लगाया जा रहा है। उन्नत भारत अभियान की अवधारणा की कल्पना सर्वप्रथम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के समर्पित संकाय सदस्यों, जो कि ग्रामीण विकास एवं इसके लिए सुयोग्य प्रौद्योगिकी के विकास में जुटे हुए थे, की पहल पर की गई। तमाम विचार–विमर्श के पश्चात दिनांक 11 नवंबर 2014 को भारत के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के माननीय केंद्रीय मंत्री द्वारा **'उन्नत भारत अभियान'** का औपचारिक शुभारम्भ किया गया। इसके साथ ही आई.टी.आई. दिल्ली को उन्नत भारत अभियान के राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया।

उन्नत भारत अभियान 2.0 उन्नत भारत अभियान 1.0 का उन्नत संस्करण है। इसे वर्ष 2018 में शुरू किया गया था। उन्नत भारत अभियान 1.0 एक प्रकार से नियंत्रण मोड था, जिसमें भाग लेने वाले संस्थानों को उन्नत भारत अभियान का हिस्सा बनने के लिए आमन्त्रित किया गया था। जबकि उन्नत भारत अभियान 2.0 इस इस कार्यक्रम का चुनौती मोड है, जहाँ सभी एच.ई.आई. को कम से कम पांच गांवों को अपनाना या अंगीकृत करना आवश्यक है। वर्तमान में उन्नत भारत अभियान 2.0 मोड पर चल रहा है। जिसके मुख्यतः दो प्रमुख उद्देश्य हैं, (1) एक मानव विकास तथा (2) वास्तुगत आर्थिक विकास।

मानव विकास, स्वास्थ्य, मूल्य, शिक्षा व संस्कृति, कौशल और उद्यमिता। वस्तुगत आर्थिक–विकास–जैविक खेती, जल प्रबंधन एवं संरक्षण, अक्षय ऊर्जा स्रोत, कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग, स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों का विकास एवं दोहन, मूलभूत सुविधाओं की सहायता, सूचना एवं प्रौद्योगिकी में सक्षम बनाना, जैसे उपरोक्त बिंदुओं

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja



CO-ORDINATOR
(UNNAT BHARAT ABHIYAN)
A.K.P. (PG) COLLEGE
KHURJA, BULANDSHAHR (U.P.)
30/5/2026

को ध्यान में रखते हुए, **'उन्नत भारत अभियान' सत्र 2025–26 की प्रगति आख्या तिथिवार निम्नलिखित है :–**

उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत सत्रारम्भ में सर्वप्रथम अंगीकृत गांव में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें सर्वप्रथम **दिनांक 09.7.2025** को अंगीकृत गांव **निजामपुर ढांकर** में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य हेतु वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण अभियान चलाया गया। जिसमें एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या, डॉ0 गीता सिंह, उन्नत भारत अभियान की सह–समन्वयक प्रो0 बीना माथुर एवं महाविद्यालय की 10 छात्राओं के सहयोग से गांव के प्राइमरी स्कूल के प्रांगण में जामुन पांकड़, नीम, गुलमोहर, आंवला, इमली, नींबू, कनेर, गुलचांदनी इत्यादि फल–फूल व छायादार पौधे रोपे गए। साथ ही ग्राम वासियों को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण हेतु उन्हें प्रेरित किया गया। इसी क्रम में दिनांक 10.7.2025 को महाविद्यालय प्रांगण की चारदीवारी के किनारे–किनारे सहजन, नीम, पांकड़, नींबू, इमली आदि के के पौधों को रोपा तथा उन्हें संरक्षित किया गया। इस कार्य में एन. एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ गीता सिंह, डॉ0 मनु आर्या तथा उन्नत भारत अभियान की सह–समन्वयक प्रोफेसर बीना माथुर का सराहनीय सहयोग रहा।

वृक्षारोपण अभियान के इसी क्रम में **दिनांक 11.07.2025** को अंगीकृत **गांव सीकरी** में प्रोफेसर बीना माथुर, डॉ0 गीता सिंह तथा महाविद्यालय की छह छात्रों के सहयोग से वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इसमें नींबू, इमली, पांकड़, अर्जुन, सिमल, गुलमोहर, कनेर, हरसिंगार इत्यादि फल व फूलों के लगभग 150 पौधे प्राइमरी पाठशाला के प्रांगण पंचायत भवन के प्रांगण में रोपे गए। साथ ही ग्रामवासियों को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान करने की अपील की गई।

वृक्षारोपण महाभियान के क्रम में **दिनांक 12.07.2025** को **अंगीकृत गांव नगला महीउद्दीनपुर** में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें प्रोफेसर बीना माथुर, एन. एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 गीता सिंह तथा 10 स्वयं सेविकाओं ने सहयोग किया। इस कार्यक्रम में प्राइमरी स्कूल के प्रांगण में अमरूद, नीम, पांकड़, जामुन,

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja



CO-ORDINATOR
(UNNAT BHARAT ABHIYAN)
A.K.P. (PG) COLLEGE
KHURJA, BULANDSHAHR (U.P.)
30/5/2026

इमली, अर्जुन, गुलमोहर, सहजन, कनेर, गुलाब तथा गुड़हल के लगभग 140 पौधे रोपे गए तथा ग्राम वासियों को घर–घर जाकर पौधे वितरित किए गए एवं ग्रामवासियों से यह संकल्प लिया गया कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाकर, उन्हें संरक्षित करके पर्यावरण बचाने में अपना योगदान देंगे।

वृक्षारोपण महोत्सव के अगले क्रम में **दिनांक 18.07.2025** को अंगीकृत **गांव सीकरी** में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस कार्य में गांव की दो आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, ग्राम पंचायत सहायिका तथा महाविद्यालय की छात्राओं ने सहयोग किया। इसमें हमने गांव की प्राईमरी पाठशाला के प्रांगण में, पंचायत भवन के प्रांगण में तथा गांव की पगडंडियों के किनारे–किनारे लगभग 80 पौधे रोपे। साथ ही लगभग 70 पौधे ग्राम वासियों को वितरित कर पर्यावरण संरक्षण हेतु उन्हें प्रेरित किया। पौधों में इमली, जामुन, पांकड़, नींबू, हरसिंगार, कनेर, अनार, गुलमोहर, पलाश आदि के फल–फूल व छायादार वृक्ष थे।

उन्नत भारत अभियान के कार्यक्रम की अगली कड़ी में **दिनांक 15.08.2025** को **स्वतंत्रता दिवस** के पावन अवसर पर अंगीकृत **गांव सीकरी** में एक **ग्राम सभा** का आयोजन किया गया। इस सभा में नागरिकों को **'राष्ट्र के प्रति उनके कर्त्तव्य'** जैसे विषय पर व्याख्यान दिए गए। उन्नत भारत अभियान की सह–समन्वयक प्रोफेसर बीना माथुर एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 गीता सिंह जी ने क्रमशः मुख्य तथा विशिष्ट वक्ता का दायित्व निभाया। सभा में एकत्रित लगभग 46 महिलाओं, 15 बच्चों व 10 पुरुषों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारियों से उन्हें अवगत कराया। साथ ही स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीदों को याद करते हुए नारे लगाए गए। अन्त में सभी एकत्रित लोगों को मिष्ठान वितरित करके स्वतंत्रता दिवस का यह पावन पर्व ग्राम वासियों के साथ उल्लास पूर्वक मनाया गया।

उन्नत भारत अभियान के कार्यक्रमों में प्रत्येक वर्ष जून माह में अंगीकृत गांव में जाकर उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु छात्र–छात्राओं को प्रेरित किया जाता है। इस साक्षरता जागरूकता अभियान का सुखद परिणाम देखने को मिला। वर्ष 2024 से

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja



CO-ORDINATOR
(UNNAT BHARAT ABHIYAN)
A.K.P. (PG) COLLEGE
KHURJA, BULANDSHAHR (U.P.)
30/5/2026

2026 के बीच अंगीकृत गांव में उच्च शिक्षा के प्रति छात्र–छात्राओं का रुझान काफी बढ़ा अंगीकृत गांव नगला महीउद्दीनपुर से वर्ष 2024 से 26 के बीच कई छात्राओं ने उच्च शिक्षा में प्रवेश लिया। इनमें कुमारी दीपिका पुत्री धीरज सिंह, खुशबू पुत्री प्रताप सिंह, रूबी पुत्री विजेंद्र सिंह, सोनिया पुत्री ओमवीर सिंह, पल्लवी, डिंपी सिंह, श्वेता सिंह, प्रिया सिंह, रश्मि सिंह स्नातक कक्षा में प्रवेश लेकर उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही है।

**'उन्नत भारत अभियान'** के अंतर्गत **अंगीकृत गांव धराऊँ** की लगभग 10 छात्राओं ने स्नातक में प्रवेश लिया, जिसमें चंचल, ज्योति, वर्षा, वर्षा, (के.एस.) लता, अंशिका, कुमकुम सोलंकी, गौरी सोलंकी, संध्या सोलंकी, सोनी शर्मा ने स्नातक स्तर पर अलग–अलग महाविद्यालय में प्रवेश लेकर अपनी पढ़ाई जारी रखी है।

**'उन्नत भारत अभियान'** के अंतर्गत **अंगीकृत गांव निजामपुर** में उच्च शिक्षा हेतु जागरूकता अभियान का आश्चर्यजनक परिणाम देखने को मिला। बड़े खेद की बात है कि इस गांव में इंटर करने के बाद लगभग 90 प्रतिशत बालिकाओं की शिक्षा रोक दी जाती थी। किन्तु **'उन्नत भारत अभियान'** के जागरूकता के प्रयासों के परिणामस्वरूप न केवल ग्राम प्रधान श्री सुरेंद्र सिंह की पुत्री कुमारी आरजू, उनके बड़े भाई की बेटी कुमारी रिया भड़ाना ने स्नातक में प्रवेश लिया। बल्कि गांव की अन्य छात्राएं अंजलि पुत्री जगबीर सिंह, शीतल पुत्री द्वारिका प्रसाद, सुहानी पुत्री द्वारिका प्रसाद, प्रिया पुत्री नेम सिंह, सलोनी पुत्री गंगाराम, काजल पुत्री भगत सिंह इत्यादि ने हमारे ही महाविद्यालय में प्रवेश लिया और अपनी शिक्षा पूर्ण करने में तन्मयता से जुटी हुई है। इसी क्रम में अंगीकृत गांव धराऊँ से लगभग 6 छात्राओं ने उच्च शिक्षा हेतु प्रवेश लिया। साथ ही इस्माईलपुर बुढ़ैना गांव की बालिकाओं का रूझान भी उच्च शिक्षा की तरफ बढ़ा है।

**'उन्नत भारत अभियान'** कार्यक्रमों की अगली कड़ी में स्वयं पोर्टल पर चलाए जा रहे हैं। कोर्स **'कम्युनिटी इंगेजमेंट एवं सोशल रिस्पांसिबिलिटी'** के ऑनलाइन पाठ्यक्रम में आरंभिक सेमेस्टर **माह अगस्त 2025** में लगभग 198 छात्राओं का

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja



CO-ORDINATOR
(UNNAT BHARAT ABHIYAN)
A.K.P. (PG) COLLEGE
KHURJA, BULANDSHAHR (U.P.)

रजिस्ट्रेशन कराया गया। इस कोर्स के माध्यम से विद्यार्थी ग्रामीण विकास व सामाजिक उत्तरदायित्व को अच्छी तरह समझ सकेंगे। इसी उद्देश्य से इस कोर्स में छात्राओं को पंजीकृत कराया गया। इसी क्रम में उपरोक्त कोर्स के द्वितीय सत्र माह फरवरी 2026 में लगभग 200 छात्राओं को पंजीकृत कराया गया तथा उन्हें इस दो सेमेस्टर के कोर्स को पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया गया। पंजीकृत छात्राओं में से कुछ ने परीक्षा फॉर्म भी भरा है, जिसकी परीक्षा 21 जून 2026 को होना सुनिश्चित हुआ है। शेष छात्राओं ने ऑनलाइन कोर्स को ज्वाइन कर उपरोक्त कोर्स सम्बंधी जानकारियां प्राप्त कीं। **'मुख्यमंत्री अभ्युदया योजना'** के अंतर्गत महाविद्यालय में चलाए जा रहे आई.ए.एस. और पी.सी.एस. की कोचिंग में अंगीकृत गांव ढांकर निजामपुर के तीन छात्र आदित्य कुमार, अमन कुमार और राजकुमार शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। **'उन्नत भारत अभियान'** के जागरूकता कार्यक्रमों के द्वारा किए जा रहे प्रयासों का यह एक जीवंत उदाहरण हैं, तथा आशा है कि उपरोक्त छात्र शीघ्र ही अपने कैरियर में सफल होंगे। अंगीकृत गांव ढांकर की छात्रा कुमारी कृतिका ने जागरूकता कार्यक्रमों से प्रेरित होकर इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स को पूर्ण कर आज अंगीकृत गांव धराऊँ के आई.टी.आई. संस्थान में शिक्षिका के पद पर कार्यरत है, जो स्वावलंबन का जीवंत उदाहरण है।

**दिनांक 14.12.2025** को अंगीकृत **गांव निजामपुर ढांकर** में हाउसहोल्ड सर्वे का कार्य किया गया। साथ ही ग्रामीण महिलाओं को **'स्वरोजगार योजना'** हेतु जागरूक किया गया।

इसी क्रम में **दिनांक 21.12.2025** को अंगीकृत **गांव नगला महिउद्दीनपुर** में घर–घर जाकर ग्रामीण महिलाओं व बालिकाओं से संपर्क किया गया तथा **'स्वरोजगार योजना'** के तहत महाविद्यालय में चलाए जा रहे ब्यूटी पार्लर कोर्स के लिए जागरूक किया गया। परिणामस्वरूप अंगीकृत गांव नगला महीउद्दीनपुर की दो बालिकाओं ने ब्यूटी पार्लर का कोर्स पूर्ण कर दक्षता प्राप्त की, जिसमें खुशबू पुत्री प्रताप सिंह, कुमारी दीपिका पुत्री धीरज सिंह थीं। **'उन्नत भारत अभियान'** के मिशन **'स्वस्थ**

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja



CO-ORDINATOR
(UNNAT BHARAT ABHIYAN)
A.K.P. (PG) COLLEGE
KHURJA BULANDSHAHR (U.P)

**भारत', 'संपन्न भारत'** के उद्देश्य पूर्ति हेतु दिनांक 12.02.2026 को महाविद्यालय की साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद द्वारा आयोजित मेला प्रदर्शनी कार्यक्रम में अंगीकृत गांव ढांकर व नगला महीउद्दीनपुर की छात्राओं व महिलाओं ने मोटे अनाज से निर्मित स्वास्थ्यवर्धक व स्वादिष्ट अनेक प्रकार के व्यंजन जैसे–चना चाट, मक्के के लड्डू, चूरमा–लड्डू, समा की खीर, बाजरा भात, कढ़ी–चावल, साग–रोटी, रागी की इडली, जौ का दलिया, रागी के लड्डू इत्यादि बनाकर स्टॉल लगाया। ताकि लोगों में मोटे अनाज के प्रति जागरूकता पैदा की जा सके और मोटे अनाजों से होने वाले स्वास्थ्य लाभ तथा धन लाभ से उन्हें अवगत कराया जा सके। अंगीकृत गांव ढांकर की महिलाओं ने मिट्टी से बने बर्तनों की दुकानें भी सजाई तथा लोगों को मिट्टी के बने बर्तन इस्तेमाल करने हेतु प्रेरित किया और यह जागरूकता लाने का प्रयास किया कि मिट्टी के बर्तन द्वारा हम धन लाभ करके आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

उन्नत भारत अभियान के सूत्र वाक्य **''आत्मनिर्भर भारत स्वावलंबी भारत''** के उद्देश्यों को पूर्ण करने के उद्देश्य से **दिनांक 01.03.2026** को अंगीकृत **गांव निजामपुर ढांकर** में कुटीर उद्योग प्रशिक्षण तक द्वारा ग्रामीण महिलाओं व बच्चियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु जागरूक किया गया। इसके अंतर्गत महिलाओं को घर पर अचार, पापड़, चटनी, चिप्स, कचरी, चाट मसाला, व बड़ियां बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उन्हें बाजार में पहुंचा कर आर्थिक लाभ प्राप्त करने व आत्मनिर्भर बनने के तरीके भी सिखाए गए। इस कार्य में गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ती श्रीमती मधु जी उनकी बेटी सुमन तथा महाविद्यालय की पुरातन छात्राएं शिवानी, लीजा, कृतिका भारती, निवेदिता स्वरूप इत्यादि ने पूर्ण सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समन्वयक **डॉ0 रेखा चौधरी** ने ग्रामवासियों संग गुलाल व फूलों की होली खेल कर समानता, सौहार्द व भाईचारे की संस्कृति को निरंतर बनाए रखने का संदेश प्रेषित किया।

इसी क्रम में **दिनांक 02.03.2026** को **अंगीकृत गांव सीकरी** में **'कुटीर उद्योग प्रशिक्षण'** द्वारा आत्मनिर्भर बनने हेतु ग्राम वासियों को अचार, चटनी, पापड़, बड़ियां,

**Principal**
**A.K.P. Degree College**
**Khurja**



CO-ORDINATOR
(UNNAT BHARAT ABHIYAN)
A.K.P. (PG) COLLEGE
KHURJA, BULANDSHAHR (U.P.)

चिप्स, कचरी, चाट मसाला इत्यादि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उपरोक्त के द्वारा छोटे–छोटे व्यापार कर आत्मनिर्भर बनने हेतु उन्हें प्रशिक्षित भी किया गया। इस कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, ग्राम पंचायत सहायिका **निलेश चौधरी** तथा चार पुरातन छात्राओं ने सहयोग किया। लगभग 45 महिलाओं व 10 पुरुषों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम वासियों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन कर समानता, सौहार्द व भाईचारे का संदेश प्रसारित किया गया।

**'उन्नत भारत अभियान'** के सूत्र वाक्य **'आत्मनिर्भर भारत'** को चरितार्थ करने हेतु **दिनांक 06.03.2026** को अंगीकृत **गांव नगला महीउद्दीनपुर** में भी अचार, पापड़, चटनी, चिप्स, बड़ियां, चाट मसाला इत्यादि खाद्य सामग्री बनाने का प्रशिक्षण और बाजार तक पहुंचा कर धन कमाना तथा आत्मनिर्भर बनने का प्रशिक्षण ग्रामीण महिलाओं व बच्चियों को दिया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 50 ग्राम वासियों ने सहभागिता की तथा गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, महाविद्यालय की छात्राओं खुशबू, सपना, भारती, शिवन्या, करिश्मा, योगेश सिंह ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु उन्नत भारत अभियान की टीम द्वारा **दिनांक 04.03.2026** को अंगीकृत **गांव धराऊँ** में कुटीर उद्योग प्रशिक्षण से आत्मनिर्भरता की ओर कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें **'उन्नत भारत अभियान'** की समन्वयक डॉ0 रेखा चौधरी ने धराऊँ गांव की महिलाओं व बच्चियों को घर में अचार, चटनी, पापड़, चिप्स, कचरी, बड़ियां, चाट मसाला, मुरब्बा इत्यादि बनाने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही उपरोक्त की मार्केटिंग के तरीके भी समझाए। इस कार्यक्रम में लगभग 52 ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। गांव की आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती ममता सक्सेना, श्रीमती राधा, श्रीमती रूबी और सहायिका ने पूर्ण सहयोग किया। इस गांव की महिलाएँ इस तरह के उद्योग को स्थापित करने हेतु विशेष रूप से इच्छुक दिखाई दी।

उन्नत भारत अभियान के कार्यक्रमों की कड़ी में **दिनांक 12.03.2026** को **अंगीकृत गांव सीकरी** की पंचायत सहायक सुश्री निलेश चौधरी की छोटी बहन प्रियंका



Principal
A.K.P. Degree College
Khurja

CO-ORDINATOR
(UNNAT BHARAT ABHIYAN)
A.K.P. (PG) COLLEGE
KHURJA, BULANDSHAHR (U.P.)
20/3/2026

चौधरी के विवाह समारोह में रात्रि सम्मिलित होकर श्रमदान व कन्यादान कर ग्राम समाज के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को पूर्ण किया। इस अवसर पर एन. एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 गीता सिंह का पूर्ण सहयोग और साथ मिला।

सामाजिक कार्य के निर्वहन हेतु **दिनांक 15.03.2026** को एन.एस.एस. की द्वितीय इकाई द्वारा लगाए गए विशेष शिविर जो **गांव उस्मापुर** में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मनु आर्या द्वारा लगाया गया था, में उपस्थित होकर श्रमदान व सहयोग किया गया।

**'उन्नत भारत अभियान'** के कार्यक्रमों की अगली कड़ी में **अंगीकृत गांव ढांकर** में **दिनांक 21.03.2026** को घर–घर जाकर हाउसहोल्ड सर्वे किया गया। साथ ही आंधी और बारिश में नष्ट हो गई गेहूँ, जौ और चने की फसल को देखने के लिए खेतों का अवलोकन किया। तैयार फसलों के नष्ट होने के कारण ग्रामीण, किसान बहुत दुखी और हताश थे। उन्हें सांत्वना व संबल प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया और उनके साथ समय व्यतीत किया।

इसी क्रम में **दिनांक 23.03.2026** को अंगीकृत **गांव नगला महीउद्दीनपुर** में संचारी रोगों से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। ग्रामीणों को मक्खी–मच्छर तथा कीट–मकोड़ों से फैलने वाले रोगों की जानकारी दी गई तथा उन्हें सुरक्षा के उपाय भी बताए गए। इस क्रम में घर–घर जाकर लोगों को स्वास्थ्य रक्षा हेतु जागरूक किया गया। इस कार्य में गांव की दोनों आंगनबाड़ी कार्यकर्ती तथा छात्राएं खुशबू, दीपिका, प्रवेश, निवेदिता, योगेश इत्यादि ने सहयोग किया।

**'संचारी रोग जागरूकता अभियान'** की कड़ी में **दिनांक 26.03.2026** को अंगीकृत **गांव निजामपुर** में घर–घर जाकर मक्खी–मच्छरों व कीड़ों से फैलने वाले बीमारियों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी तथा उनसे बचाव के उपाय भी बताए गए। साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई कि वह अपने घर, आंगन, गलियों, नालियों व पशुशालाओं को स्वच्छ रखें और समय–समय कीटनाशक का छिड़काव करते रहें।

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja



CO-ORDINATOR
(UNNAT BHARAT ABHIYAN)
A.K.P. (PG) COLLEGE
KHURJA, BULANDSHAHR (U.P.)

इस कार्य में गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ती तथा छात्रा शिवानी, लीजा भारती, निवेदिता, अरुण तौमर, कशिश इत्यादि ने पूर्ण सहयोग किया।

संचारी रोग जागरूकता अभियान की अगली कड़ी में **दिनांक 27.03.2026** को अंगीकृत **गांव इस्माइलपुर बुढैना** में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में घर–घर जाकर लोगों को जागरूक किया गया कि किस तरह उन्हें मक्खी–मच्छरों या अन्य कीड़ों से फैलने वाले रोगों से स्वयं व पशुओं को बचाना है। साथ ही उनसे अपील की गई कि वह गांव की गली, नालियों व घर–आंगन को स्वच्छ रखें, जिससे संचारी रोगों से बचा जा सकता है। इस कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती श्रीमती अंजू, दो पुरातन छात्राएं अनीता, अंजली और योगेश सिंह ने पूर्ण सहयोग दिया।

**'उन्नत भारत अभियान'** के मुख्य मिशन **आत्मनिर्भर भारत** के उद्देश्य की पूर्ति हेतु **दिनांक 31.03.2026** को अंगीकृत **गांव सीकरी** में बैंगल मेकिंग (चूड़ी बनाने) का प्रशिक्षण द्वारा ग्रामीण महिलाओं व बच्चियों को प्रशिक्षित कराया गया। **सुश्री परमेश्वरी** द्वारा दिए गए इस प्रशिक्षण से लगभग 46 ग्रामीणजन लाभान्वित हुए। इस कार्य में उन्नत भारत अभियान की सह–समन्वयक प्रोफेसर बीना माथुर, ग्राम पंचायत सहायक श्री निलेश चौधरी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती का विशेष सहयोग रहा। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक सुश्री परमेश्वरी ने रेशमी धागों, कांच, मोती, सितारे इत्यादि के द्वारा सुन्दर चूड़ियाँ, कंगन व झुमके आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया। सुश्री परमेश्वरी ने ग्रामीण महिलाओं को यह भी सिखाया कि किस तरह फैंसी चूड़ियाँ व कंगन बनाकर उन्हें बाजार तक पहुँचाकर वह आत्मनिर्भर बन सकती हैं और राष्ट्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

**'उन्नत भारत अभियान'** के कार्यक्रमों की अगली कड़ी में **दिनांक 03.04.2026** को अंगीकृत **गांव धराऊँ** में संचारी रोगों से बचाव हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही हाउसहोल्ड सर्वे का कार्य भी किया गया। प्रोग्राम के अन्तर्गत घर–घर जाकर ग्राम में ग्रामीणजनों को संचारी रोगों के फैलने के कारण व उनसे सुरक्षा के उपाय बताए। इसी क्रम में ग्राम में सभा कर ग्रामीणों को घर, गांव, नालियां,

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja



CO-ORDINATOR
(UNNAT BHARAT ABHIYAN)

व गलियों को मक्खी–मच्छर से मुक्त रखने की अपील की गई। इस कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती ममता सक्सेना, उनकी पुत्री, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती रूबी जी, राधा जी तथा कॉलेज की छात्राएं करिश्मा, भारती, कशिश, शिवन्या इत्यादि ने मनोयोग से सहयोग किया। इसी क्रम में गेहूँ की फसलों का अवलोकन किया गया। गांव में किसान गेहूँ और जौ की फसलों की कटाई कर रहे थे। **'उन्नत भारत अभियान'** की समन्वयक डॉ0 रेखा चौधरी ने खेतों में जाकर ग्रामीणों के साथ गेहूँ की फसल की कटाई की और बोझ भी ढोए। इसका उद्‌देश्य मात्र इतना था कि ग्रामीण जनों में प्रेम, समानता व भाईचारे की भावना बनी रहे।

उन्नत भारत अभियान के उद्‌देश्य **सभ्य भारत, साक्षर भारत** के मद्‌देनजर **अंगीकृत गांव निजामपुर ढांकर** में **दिनांक 05.04.2026** को नैतिक शिक्षा विषय पर बालसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गांव के लगभग 52 बच्चों ने प्रतिभाग किया। एकत्रित बच्चों को सत्य, ईमानदारी, दया, ममता, मानवीय मूल्य, राष्ट्र के प्रति कर्तव्य तथा अनुशासन से संबंधित प्रेरक बातें बताई गई। महापुरुषों की प्रेरणादायक लघु कथाएँ सुनाई गईं। सभा के अंत में एकत्रित ग्रामीण बच्चों ने देशभक्ति की कविताएँ सुनाई तथा उन्नत भारत अभियान की समन्वयक डॉ0 रेखा चौधरी ने उन्हें पेन, चॉकलेट, टॉफियाँ वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस कार्य में छात्रा शिवानी, कशिश, लिजा, कृतिका, शिवि इत्यादि ने पूर्ण सहयोग किया।

**'उन्नत भारत अभियान'** के स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत मिशन के उद्‌देश्य की पूर्ति हेतु **दिनांक 12.04.2026** को **अंगीकृत गांव निजामपुर ढांकर** में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में गांव ढांकर की गलियों, नालियों व चौराहों की सफाई की व कराई गई। नालियों की सफाई कर उस पर कीटनाशक पाउडर का छिड़काव कराया गया। गलियों में एकत्रित कूड़े कचरे को उठाकर के दूर पहुँचाया गया। पूरे गांव में झाड़ू लगाया गया। साथ ही ग्रामीणों को एकत्रित कर, ग्राम–सभा का आयोजन कर, गांव को स्वच्छ व सुन्दर रखने की अपील की गई। इस कार्य में ग्राम

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja



CO-ORDINATOR
(UNNAT BHARAT ABHIYAN)
A.K.P. (PG) COLLEGE
KHURJA BULANDSHAHR

प्रधान श्री सुरेंद्र सिंह तथा स्वच्छता कर्मचारी शिवम, राहुल व छात्राएँ कशिश, शिवि, शिवानी, लिजा, भारती, निवेदिता और योगेश आदि का विशेष सहयोग रहा।

**'उन्नत भारत अभियान'** के श्रेष्ठ मिशन **"शिक्षित भारत–स्वस्थ भारत"** के उद्देश्य पूर्ण की अगली कड़ी में **दिनांक 14.04.2026** को अंगीकृत **गांव नगला महीउद्दीनपुर** में **नैतिक शिक्षा विषय** पर एक बाल सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में लगभग **53 बच्चों वह कुछ ग्राम वासियों** ने प्रतिभाग किया। ग्रामीण बच्चों के चरित्र निर्माण करने एवं उन्हें सुसंस्कृत बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस ग्राम सभा में बच्चों को शिक्षा, सेवा, त्याग, बलिदान, स्वच्छता, सहानुभूति, तथा देश प्रेम से जुड़ी प्रेरणादायक कहानियाँ सुनाई गईं। सभा के अंत में सभी बच्चों ने देश प्रेम पर गीत व कविताएँ सुनाई। उन्नत भारत अभियान की समन्वयक डॉ0 रेखा चौधरी ने सभा के अंत में सभी बच्चों को पेन, चॉकलेट, टॉफी इत्यादि वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, छात्राएँ खुशबू, दीपिका, प्रवेश, भारती, कशिश, योगेश, शिवन्या आदि ने विशेष रूप से सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

उन्नत भारत अभियान के श्रेष्ठ मिशन **शिक्षित भारत** के उद्देश्य पूर्ति हेतु **दिनांक 03.05.2026** को अंगीकृत **गांव सीकरी** में नैतिक शिक्षा विषय पर एक बाल सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग **45 बच्चों और कुछ ग्रामीणों** ने प्रतिभाग किया। सभा में ग्रामीण बच्चों के चरित्र निर्माण हेतु महापुरुषों व स्वतंत्रता सेनानियों से सम्बन्धित प्रेरणादायक कहानियाँ सुनाई गईं। एकत्रित बच्चों को दया, करुणा, ममता, आज्ञाकारिता, अनुशासन तथा ईमानदारी के द्वारा व्यक्तित्व निर्माण की प्रेरणा दी गई। साथ ही बच्चों से मोबाइल फोन के अनावश्यक प्रयोग न करने की अपील की गई व उसके दुष्प्रभाव बताए गए। इस कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, ग्राम पंचायत सहायक, निलेश चौधरी, छात्राएं भारतीय, करिश्मा, कविता, बबीता, प्रांजल, अंजलि इत्यादि ने सहयोग किया। सभा के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों ने देश प्रेम से संबंधित गीत, कविता, लघु कथाएँ, लोक कथाएं सुनाई। 'उन्नत भारत अभियान'

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja



CO-ORDINATOR
(UNNAT BHARAT ABHIYAN)
A.K.P. (PG) COLLEGE
KHURJA, BULANDSHAHR (U.P.)

की समन्वयक डॉ0 रेखा चौधरी ने एकत्रित बच्चों को पेन, टॉफियाँ, चॉकलेट इत्यादि वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया और सभा का समापन किया।

उन्नत भारत अभियान के मिशन **स्वस्थ भारत** के उद्देश्य पूर्ति हेतु **दिनांक 09.05.2026** को **अंगीकृत गांव नगला महीउद्दीनपुर** की प्राइमरी पाठशाला के नन्हें बच्चों व ग्रामीणजनों के नेत्रों के चैकअप हेतु एक कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में **ज्योति आई केयर सेंटर, खुर्जा** के चिकित्सक **डॉ0 राजेश अरोड़ा जी** ने स्कूल के लगभग 55 बच्चों, 10 ग्रामीण और स्कूल स्टाफ का आँखों का चैकअप किया गया। जाँच में लगभग 90 स्कूली बच्चों व ग्रामीणों की आंखें स्वस्थ पाई गई। शेष लोगों को चिकित्सीय सलाह व सावधानियों से डॉ0 राजेश जी ने अवगत कराया। इस कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाध्यापिका जी, शिक्षिका श्रीमती अनामिका जी, शिक्षक श्री जय राम शर्मा जी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, 'उन्नत भारत अभियान' की सह–समन्वयक प्रोफेसर बीना माथुर जी तथा कॉलेज की छात्राएं खुशबू, साधना, बबीता, भारती, आरती, दीपिका, अरुण तोमर का सराहनीय सहयोग रहा।

**'उन्नत भारत अभियान'** के मिशन **'सभ्य भारत, शिक्षित भारत'** के मिशन को सार्थक करने के उद्देश्य से **दिनांक 10.05.2026** को **अंगीकृत गांव धराऊँ** में एक बाल सभा का आयोजन किया गया। नैतिक शिक्षा तथा मोबाइल के दुष्प्रभाव विषय पर आयोजित इस बाल सभा में लगभग 58 बच्चों तथा 15 ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। सभा में उन्नत भारत अभियान की समन्वयक **डॉ0 रेखा चौधरी** ने बच्चों को जीवन मूल्य, नैतिकता, आदर्श आचरण, इतिहास से संबंधित शिक्षा दी तथा साथ ही मोबाइल के बढ़ते प्रयोग व उनसे होने वाले हानियों से भी बच्चों को अवगत कराया तथा मोबाइल गेम ना खेलने की हिदायत दी। सभा के अंत में सभी बच्चों ने विभिन्न विषयों पर कविताएँ, लघु कथाएँ तथा स्लोगन सुनाए। सभी बच्चों को पेन, चॉकलेट, टॉफी वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती नीलम तथा सहायिका का विशेष सहयोग रहा। दि0 24/5/2026 को कॉलेज चलो अभियान चलाया गया, अंगीकृत गाँव निजामपुर में।

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja



CO-ORDINATOR
(UNNAT BHARAT ABHIYAN)
A.K.P. (PG) COLLEGE
KHURJA, BULANDSHAHR (U.P)